# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 29.6.26 | 5 | 6-8 |

# एचएयू के छात्र कमल का अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन टोक्यो के लिए चयन

## छात्र कमल का पूरा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा वहन किया जाएगा

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज के बी.एससी. (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का 25वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट'' के लिए चयन हुआ है। यह सम्मेलन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान आयोजित कर रहा है।



हिसार | एचएयू छात्र व अन्य के साथ कुलपति प्रो. बीआर कंबोज।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव बताते हुए कहा कि ऐसे वैश्विक मंच विद्यार्थियों को ज्ञान और शोध क्षमता दिखाने का अवसर देते हैं और संस्थान की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत करते हैं। कमल सम्मेलन में ''पुशिंग बाउंड्रीज इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर'' विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा के अनुसार कमल की भागीदारी पूर्ण प्रायोजित है और पूरा व्यय आयोजक विश्वविद्यालय उठाएगा। इस वर्ष 23 देशों के 26 विश्वविद्यालयों से केवल 27 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव व कॉलेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. एके वशिष्ट उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 29.6.26 | 8 | 7-8 |

# हकृवि छात्र कमल का जापान शिखर सम्मेलन के लिए चयन



हिसार में चयनित छात्र कमल के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य। -हप्र

हिसार, 28 जून (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का जापान में आयोजित होने वाले 25वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन ऑन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट के लिए चयन हुआ है। कमल सम्मेलन में भारत और हकृवि का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में कमल की भागीदारी का पूरा खर्च विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। वह 'पुशिंग बाउंड्रीजः इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर' विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन 30 जून से 3 जुलाई, 2026 तक टोक्यो में आयोजित होगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कमल को बधाई देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और शोध क्षमता दिखाने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित होता है। डॉ. आशा कवात्रा ने बताया कि 23 देशों के 26 विश्वविद्यालयों से केवल 27 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 29-6-26 | 4 | 3-5 |


# छात्र शिखर सम्मेलन के लिए कमल का चयन

## टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर में 30 जून से 3 जुलाई तक होगा सम्मेलन

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएस एचएयू) के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का चयन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में आयोजित होने वाले 25वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन के लिए हुआ है। यह सम्मेलन 30 जून से 3 जुलाई तक टोक्यो में फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट विषय पर आयोजित किया जाएगा।

छात्र कमल सम्मेलन में पुशिंग बाउंड्रीजः इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उनकी भागीदारी पूर्णतः प्रायोजित है और इसका संपूर्ण व्यय टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा वहन किया जाएगा।



विद्यार्थी कमल के साथ एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : विवि

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने छात्र कमल को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं जिससे विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 25-6.26 | 12 | 1-2 |



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर कम्बोज चयनित विद्यार्थी के साथ।

## एचएयू के कमल का अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन के लिए चयन

हिसार। यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का 25वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन ऑन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट में भाग लेने के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच छात्रों को अपने ज्ञान और शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहभागिता छात्रों को विविध संस्कृतियों, विचारों और नवाचारों से परिचित कराते हैं, जिससे उनमें वैश्विक दृष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने बताया कि कमल सम्मेलन में पुशिंग बाउंड्रीज इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 29-6-26 | 4 | 1-2 |

# हकृवि छात्र कमल का जापान में आयोजित सम्मेलन के लिए हुआ चयन

हिसार, 28 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि कृषि महाविद्यालय के बी.एस.सी. (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का 25 वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन ऑन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट में भाग लेने के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच छात्रों को अपने ज्ञान और शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी मजबूत बनाते हैं।

उन्होंने बताया कि कमल सम्मेलन में पुशिंग बाउंड्रीज इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

यह सम्मेलन 30 जून से 3 जुलाई, 2026 तक टोक्यो, जापान में आयोजित किया जाएगा।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थी के साथ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 29-6.26 | 5 | 5-6 |

## टोक्यो छात्र शिखर सम्मेलन के लिए कमल का चयन

- हरियाणा कृषि विवि के छात्र कमल का पूरा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर उठाएगी
- 30 जून से तीन जुलाई तक टोक्यो जापान में आयोजित किया जाएगा छात्र शिखर सम्मेलन

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि कृषि महाविद्यालय के बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का 25वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन आन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट में भाग लेने के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच छात्रों को अपने ज्ञान और शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहभागिता छात्रों को विविध संस्कृतियों, विचारों और नवाचारों से परिचित कराते हैं, जिससे उनमें वैश्विक दृष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने बताया कि



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित विद्यार्थी के साथ • विज्ञप्ति

कमल सम्मेलन में पुशिंग बाउंड्रीज इंक्लूसिव एक्टिविटीज फार कम्युनिटी वेलफेयर विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह सम्मेलन 30 जून से तीन जुलाई तक टोक्यो जापान में आयोजित किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रकोष्ठ प्रभारी डा. आशा कवात्रा ने बताया कि कमल की सम्मेलन में भागीदारी पूर्णतः प्रायोजित है और इसका संपूर्ण व्यय टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 23 देशों के 26 विश्वविद्यालयों से केवल 27 प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिससे इस उपलब्धि का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। छात्र कमल ने इसका श्रेय शिक्षकों, मार्गदर्शन को दिया है।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 29-6-26 | 6 | 3-5 |

# हकृवि छात्र का जापान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन के लिए हुआ चयन

## छात्र कमल का पूरा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा वहन किया जाएगा

हिसार, 28 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि कृषि महाविद्यालय के बी.एससी. (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र कमल का 25वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन ऑन फूड, एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंट में भाग लेने के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय मंच छात्रों को अपने ज्ञान और शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सहभागिता छात्रों को विविध संस्कृतियों, विचारों और नवाचारों से परिचित कराते हैं, जिससे उनमें वैश्विक दृष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने बताया कि कमल सम्मेलन में पुशिंग बाउंड्रीज इंक्लूसिव एक्टिविटीज फॉर कम्युनिटी वेलफेयर विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह सम्मेलन 30 जून से 3 जुलाई, 2026 तक टोक्यो, जापान में आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा ने बताया कि कमल की सम्मेलन में भागीदारी पूर्णतः प्रायोजित है और इसका संपूर्ण व्यय टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 23 देशों के 26 विश्वविद्यालयों से केवल 27 प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिससे इस उपलब्धि का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। छात्र कमल ने अपनी इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, मार्गदर्शन और अपने अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग और प्रोत्साहन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव व कॉलेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. ए.के. वशिष्ट उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रकोष्ठ के समन्वयक एवं सहायक वैज्ञानिक डॉ. मंजूनाथ एस. हुराकड्ली ने चयन प्रक्रिया और सम्मेलन की तैयारियों के दौरान छात्र का मार्गदर्शन करते हुए इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थी के साथ।